# आनंदालय

विद्या सवार्थ साधिका

## सामयिक परीक्षा–1

## कक्षा : सातवीं

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 40

दिनांक: 18-07-2025 | समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - क, ख, ग और घ
2. प्रश्न पत्र में कुल सात प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

### खंड -'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -

मनुष्य को चाहिए कि संतुलित रहकर अति के मार्गों का त्यागकर मध्यम मार्ग को अपनाएँ । अपने सामर्थ्य की पहचान कर उसकी सीमाओं के अंदर जीवन बिताना एक कठिन कला है । सामान्य पुरुष अपने अहं के वशीभूत होकर अपना मूल्यांकन अधिक कर बैठता है और इसी के फलस्वरूप वह उन कार्यों में हाथ लगा देता है जो उसकी शक्ति में नहीं हैं । इसलिए सामर्थ्य से अधिक व्यय करने वालों के लिए कहा जाता है कि 'तेते पाँव पसारिए, जेती लांबी सौर' । उन्हीं के लिए कहा गया है कि अपने सामर्थ्य को, विचार कर उसके अनुरूप कार्य करना और व्यर्थ के दिखावे में स्वयं को न भुला देना एक कठिन साधना तो अवश्य है पर सबके लिए यही मार्ग अनुकरणीय है ।

(i) अति का मार्ग क्या होता है ? (1)

(क) असंतुलित मार्ग    (ख) संतुलित मार्ग

(ग) अमर्यादित मार्ग    (घ) मध्यम मार्ग

(ii) कठिन कला क्या है ? (1)

(क) सामर्थ्य के बिना सीमारहित जीवन बिताना

(ख) सामर्थ्य को बिना पहचाने जीवन बिताना

(ग) सामर्थ्य की सीमा में जीवन बिताना

(घ) सामर्थ्य न होने पर भी कर्ज़ लेकर जीवन बिताना

(iii) मनुष्य अहं के वशीभूत होकर _______________| (1)

(क) अपने को महत्त्वहीन समझ लेता है    (ख) किसी को महत्त्व देना छोड़ देता है

(ग) अपना सर्वस्व खो बैठता है    (घ) अपना अधिक मूल्यांकन कर बैठता है

(iv) "तेते पाँव पसारिए, जेती लांबी सौर" इस कथन का क्या तात्पर्य है ? (2)

(v) 'मनुष्य का जीवन बिताना एक कठिन कला है ।' कैसे ? गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए| (2)

**खंड-'ख'**

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए – (7x1=7)

| | | |
|---|---|---|
| (i) | जंगल, माँ, ज़मीन | (अनुनासिक शब्द छाँटकर लिखिए) |
| (ii) | झाँकना, ज़खीरा, जंग | (अनुस्वार शब्द छाँटकर लिखिए) |
| (iii) | कड़क, काढ़ा, ज़हर | (नुक्ता शब्द छाँटकर लिखिए) |
| (iv) | अनुरक्त | (विलोम शब्द लिखिए) |
| (v) | निशा | (दो पर्यायवाची शब्द लिखिए) |
| (vi) | खनकान | (प्रत्यय छाँटकर लिखिए) |
| (vii) | मान | (उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए) |

**खंड-'ग'**

3. गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प लिखिए - (4x1=4)

इस बार जब मैं हिमालय के कंधे पर चढ़ा तो वे कुछ और रूप में सामने थीं। मैं हैरान था कि यही दुबली-पतली गंगा, यही यमुना, यही सतलुज समतल मैदानों में उतरकर विशाल कैसे हो जाती है ! इनका उछलना और कूदना, खिलखिलाकर लगातार हँसते जाना, इनकी यह भाव-भंगी, इनका यह उल्लास कहाँ गायब हो जाता है मैदान में जाकर ? किसी लड़की को जब मैं देखता हूँ, किसी कली पर जब मेरा ध्यान अटक जाता है, तब भी इतना कौतूहल और विस्मय नहीं होता, जितना कि इन बेटियों की बाल लीला देखकर !

(i) लेखक ने नदियों को बेटियों की संज्ञा क्यों दी ?

(क) क्योंकि नदी शब्द स्त्रीलिंग है ।

(ख) लेखक ने उन्हें हिमालय की बेटियाँ माना है ।

(ग) हिमालय से निकलने के कारण हिमालय पिता लगता है ।

(घ) वे बाललीलाएँ कर रही थीं ।

(ii) लेखक के अनुसार नदियाँ समतल मैदानों में कैसी दिखाई देती हैं ?

(क) लंबी (ख) चौड़ी (ग) विशाल (घ) छोटी

(iii) इन लघु नदियों का उछलना और कूदना, खिलखिलाकर लगातार हँसते जाना, इनकी यह भाव-भंगी, इनका यह उल्लास कहाँ गायब हो जाता है ?

(क) जंगलों में (ख) हिमालय में (ग) मैदान में (घ) समुद्र में

(iv) किसी कली पर जब मेरा ध्यान अटक जाता है, तब भी इतना कौतूहल और विस्मय नहीं होता, जितना कि -

(क) इन कलियों को देखकर (ख) इन लड़कियों को देखकर

(ग) हिमालय को देखकर (घ) इन बेटियों की बाल लीला को देखकर

4. पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प लिखिए - (3x1=3)

स्वर्ण - शृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले ।
ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नीले नभ की सीमा पाने,
लाल किरण-सी चोंच खोल
चुगते तारक-अनार के दाने ।

(i) 'शृंखला' का क्या अर्थ है ?

(क) पिंजरा (ख) तोड़ना (ग) जाल (घ) जंजीर

(ii) पक्षी के क्या अरमान थे ?

(क) बाँधना (ख) नीले नभ की सीमा पाने के

(ग) नदी में तैरने के (घ) गीत गाने के

(iii) पक्षियों को पिंजरे में बंद कर दिया जाए तो वह क्या भूल जाएँगे ?

(क) सोना (ख) हँसना (ग) गति - उड़ान (घ) खाना

5. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) 'मिठाईवाला' कहानी को पढ़कर क्या आपको यह अनुभूति हुई कि दूसरों को प्यार और खुशी देने से अपने मन का दुख कम हो जाता है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(ii) मिठाईवाले की आवाज सुनकर लोग उसकी तरफ क्यों आकर्षित होते थे ?

(iii) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के माध्यम से कवि हमें क्या संदेश देना चाहते है ?

(iv) आप नदियों को किस रूप में देखते हैं ? उनकी सफ़ाई के लिए क्या प्रयास करते हैं या कर सकते हैं ?

## खंड- 'घ'

6. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए -

(i) जीवन में सत्संग का महत्त्व (1x5=5)

संकेत बिंदु-

- सत्संग क्या है ?
- सत्संग के लाभ
- सत्संग भाग्य से मिलाता है
- उपसंहार

(ii) अनुशासन का महत्त्व

संकेत बिंदु-

- अनुशासन का अभिप्राय
- छात्र जीवन में अनुशासन का महत्त्व
- सफलता के लिए अनुशासन आवश्यक
- निष्कर्ष

(iii) सच्चा मित्र

संकेत बिंदु-

- मित्र की आवश्यकता क्यों
- सच्चे मित्र के गुण
- मित्र चयन में सावधानियाँ
- सच्चे मित्र कौन ?
- उपसंहार

7. (i) आपके जन्म-दिवस के अवसर पर आपके मामाजी उपहार भेजते हैं, इसके लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । (1x5=5)

अथवा

(ii) विद्यालय के छात्रों के साथ समाज सेवार्थ जाने के लिए पिता से अनुमति माँगते हुए 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।